नाम..................

अनुक्रमांक..................

# अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2022-23

A/20,000

## हिन्दी

## कक्षा—12

समय : 3 घण्टा 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

निर्देश— (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है।

### खण्ड (क)

1. निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए—

(क) खड़ी बोली के 'लेखक चतुष्टय' उन्नायकों में नहीं हैं— 1
(i) मुंशी सदासुख लाल (ii) इंशा अल्लाखाँ
(iii) राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द' (iv) सदल मिश्र

(ख) 'संस्कृति के चार अध्याय' के लेखक हैं— 1
(i) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' (ii) भगवतशरण उपाध्याय
(iii) वासुदेवशरण अग्रवाल (iv) रामधारी सिहं 'दिनकर'

(ग) 'उक्ति-व्यक्ति-प्रकरण' के रचनाकार हैं— 1
(i) गोकुलनाथ (ii) दामोदर शर्मा
(iii) नाभादास (iv) मुंशी सदासुख लाल

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

(घ) 'सेवासदन' के रचनाकार हैं— 1
(i) जैनेन्द्र (ii) अज्ञेय (iii) प्रेमचंद (iv) हरिकृष्ण प्रेमी

(ङ) 'सत्यार्थप्रकाश' रचना है— 1
(i) सदल मिश्र की (ii) स्वामी दयानन्द की
(iii) राजा लक्ष्मणसिंह (iv) वासुदेवशरण अग्रवाल की

2. निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए—

(क) 'प्रेमसरोवर' के रचयिता हैं— 1
(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) माखनलाल चतुर्वेदी
(iii) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' (iv) मैथिलीशरण गुप्त

(ख) प्रगतिवादी रचनाकार हैं— 1
(i) रामचरित उपाध्याय (ii) शिवमंगल सिंह 'सुमन'
(iii) महादेवी वर्मा (iv) जयशंकर प्रसाद

(ग) अमीर खुसरो कवि हैं— 1
(i) आदिकाल के (ii) भक्तिकाल के
(iii) रीतिकाल के (iv) आधुनिक काल के

(घ) हिन्दी के प्रथम कवि सरहपा किस वर्ग के कवि थे? 1
(i) नाथ साहित्य के (ii) रासो साहित्य के
(iii) जैन साहित्य के (iv) सिद्ध साहित्य के

(ङ) 'परशुराम की प्रतीक्षा' के रचनाकार हैं— 1
(i) मैथिलीशरण गुप्त (ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(iii) जयशंकर प्रसाद (iv) महोदवी वर्मा

3. नीचे दिये गये गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2 × 5 = 10

पृथिवी के विशाल प्रांगण में सब जातियों के लिए समान क्षेत्र है। समन्वय के मार्ग से भरपूर प्रगति और उन्नति करने का सबको एक जैसा अधिकार है। किसी जन को पीछे छोड़कर, राष्ट्र आगे नहीं बढ़ सकता। अतएव राष्ट्र के प्रत्येक अंग की सुध हमें लेनी चाहिए। राष्ट्र के शरीर के एक भाग में यदि अंधकार और निर्बलता का निवास है तो समग्र राष्ट्र का स्वास्थ्य उतने अंश में असमर्थ रहेगा।

(क) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) पृथ्वी को मातृभूमि की संज्ञा किस कारण प्राप्त होती है?
(घ) उपर्युक्त गद्यांश में राष्ट्र के किस तत्व के सम्बन्ध में लेखक ने अपने विचार व्यक्त किये हैं?
(ङ) राष्ट्र-निर्माण के अंकुर किस भावना के आधार पर उत्पन्न होते हैं?

**अथवा**

सिस्टर क्रिस्ट हैल्ड का, सच यह है, कि सिस्टर मदर वर्ग का निस्संग, निर्लिप्त, निर्द्वन्द्व जीवन पूरी तरह से मेरे मानस-चक्षुओं में समा गया और फिर मैंने आप ही आप कहा—सिस्टर क्रिस्ट हैल्ड, हम भारतवासी गीता को कण्ठ में रखकर धनी हुए, पर तुम उसे जीवन में ले कृतार्थ हुई।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) निस्संग, निर्लिप्त, निर्द्वन्द्व शब्दों का अर्थ व्यक्त कीजिए।
(iv) गद्यांश की भाषा-शैली व्यक्त कीजिए।
(v) 'सिस्टर क्रिस्ट हैल्ड' किसके सार को ले कृतार्थ हुईं?

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

4. नीचे दिये गये पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश के प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2 × 5 = 10

कबहुँ होत सत चंद कबहुँ प्रगटत दुरि भाजत।
पवन गवन बस बिम्ब रूप जल मैं बहु साजत॥
मनु ससि भरि अनुराग जमुन जल लोटत डोलै।
कै तरंग की डोर हिंडोरनि करत कलोलै॥
कै बालगुड़ी नभ में उड़ी सोहत इत उत धावती।
कै अवगाहत डोलत कोऊ ब्रजरमनी जल आवती॥

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) प्रस्तुत पद में किसका मनोरम चित्रण किया गया है?
(iv) हवा चलने के कारण पानी में चन्द्रमा की परछाईं क्या रूप धारण करती है?
(v) बालक की पतंग की उपमा किसके लिए दी गयी है?

**अथवा**

कबहुँ सुधार अपार वेग नीचे कौ धावै।
हरहराति लहराति सहस्त्र जोजन चलि आवै॥
मनु विधि चतुर किसान पौन निज मन को पावत।
पुन्य-खेति-उत्पन्न हीर की रासि उसावत॥

(i) पद्यांश के पाठ एवं कवि का नाम लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) पद्यांश का काव्य-सौन्दर्य व्यक्त कीजिए।
(iv) इस पद्यांश में किसकी महिमा का गुणगान किया गया है?
(v) उपर्युक्त पद्यांश में किसान का मन और खेती को हरा-भरा रखने का ध्येय किसे जाता है?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक का साहित्यिक-परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए—(शब्द सीमा अधिकतम 80 शब्द) 3+2=5
(i) डा. वासुदेवशरण अग्रवाल
(ii) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'
(iii) डा. हजारीप्रसाद द्विवेदी

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी महत्वपूर्ण रचनाएँ लिखिए—(शब्द सीमा 80 शब्द) 3+2=5
(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(ii) जगन्नाथदास 'रत्नाकर'
(iii) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

6. 'पंचलाइट' कहानी का कथानक अपने शब्दों में लिखिए। (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

**अथवा**

'बहादुर' कहानी की समीक्षा अपने शब्दों में कीजिए।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के 'प्रथमसर्ग' की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए। (शब्द सीमा 80 शब्द) 5

**अथवा**

स्वपठित खण्डकाव्य के 'नायक' का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में लिखिए।

## खण्ड (ख)

8. (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी **एक** का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2+5=7

धन्योऽयं भारतदेशः यत्र समुल्लसति जनमानस पावनी: भव्यभावोद्भाविनी शब्द-सन्दोह-प्रसविनी सुरभारती। विद्यमानेषु निखिलेष्वपि वाङ्मयेषु अस्याः वाङ्मयं सर्वश्रेष्ठं सुसम्पन्नं च वर्तते। इयमेव भाषा संस्कृतनाम्नापि लोके प्रथिता अस्ति। अस्माकं रामायण-महाभारताद्यैतिहासिकग्रन्थाः, चत्वारो वेदाः सर्वाः, उपनिषदः, अष्टादशपुराणानि, अन्यानि च माहकाव्यनाट्यादीनि अस्यामेव भाषायां लिखितानि सन्ति।

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

**अथवा**

याज्ञवल्क्य उवाच:-न वा अरे मैत्रेयि! पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति। आत्मनस्तु वै कामाय पतिः प्रियो भवति। न वा अरे, जायायाः कामाय जाया प्रिया भवति। आत्मनस्तु वैकानाम जाया प्रियां भवति। न वा अरे, पुत्रस्य वित्तस्य च कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति। आत्मनस्तु वै कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति।

(ख) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए— 2+5=7

ज्ञाने मौनं क्षमा शक्तौ त्यागे श्लाघाविपर्ययः।
गुणा गुणानुबन्धित्वात् तस्य सप्रसवा इव॥

**अथवा**

भाषासु मुख्या मधुरा दिव्या गीर्वाणभारती।
तस्या हि मधुरं काव्यं तस्मादपि सुभाषितम्॥

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए— 2+2=4
(क) संस्कृत साहित्यस्य का विशेषता अस्ति?
(ख) बृत्तेन कस्य आशा न अस्ति?
(ग) चतुष्पदाः कं राजानम् अकुर्वन्?
(घ) हंसपोतिका सह कस्य विवाहः अभवत्?

10. (क) 'वीर रस' अथवा 'करुण रस' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ख) 'रूपक' अथवा 'यमक' अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2
(ग) 'चौपाई' अथवा 'कुण्डलिया' में से किसी **एक** का लक्षण एवं उदाहरण **लिखिए**। 2

P.T.O.

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** पर अपनी भाषा-शैली में निबंध लिखिए— 2+7=9

1. भारत में भ्रष्टाचार
2. राष्ट्रभाषा का महत्व
3. नारी शिक्षा की उपयोगिता
4. साहित्य और जीवन
5. वृक्षारोपण का महत्व।

12. (क) (i) 'दोग्धा' का सही सन्धि-विच्छेद है— 1

(अ) दो + ग्धा (ब) दोग् + धा (स) दोध् + धा

(ii) 'तद् + लीनः' की सन्धि होगी— 1

(अ) तल्लीनः (ब) तद्लीनः
(स) तल्लिनः (द) तद्दीन

(iii) 'झलां जश् झशि' सन्धि है— 1

(अ) लभ् + धः (ब) तत् + लभः
(स) ने + अनम् (द) प्र + एजते

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** का विग्रह करके समास का नाम लिखिए— 2

(अ) आजन्म (ब) घनश्यामः (स) महाधनम्

13. (क) (i) 'नाम्ने' रूप है नामन् का— 1

(अ) चतुर्थी, एकवचन (ब) तृतीया, बहुवचन
(स) षष्ठी, द्विवचन (द) द्वितीया, एकवचन

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

(ii) 'आत्मसु' रूप है, 'आत्मन्' शब्द का— 1

(अ) द्वितीया, एकवचन (ब) सप्तमी, बहुवचन
(स) चतुर्थी, द्विवचन (द) षष्ठी, एकवचन

(ख) (i) 'स्था' धातु लृटलकार, मध्यमपुरुष, बहुवचन का रूप होगा— 1

(अ) स्थास्यति (ब) स्थास्यावः (स) स्थास्यथ (द) स्थास्यामि

(ii) 'नी' धातु लट्लकार उत्तम पुरुष, एकवचन का रूप होगा— 1

(अ) नयसि (ब) नयति (स) नयन्ति (द) नयामि

(ग) निम्नलिखित में प्रत्यय का चयन कीजिए—

(i) 'बुद्धिमान' शब्द में प्रत्यय है— 1

(अ) मतुप् (ब) वतुप् (स) अनीयर् (द) क्त

(ii) 'कृतम्' शब्द में प्रत्यय है— 1

(अ) क्त्वा (ब) क्त (स) तव्यत् (द) अनीयर्

(घ) रेखांकित पदों में से किसी **एक** पद में प्रयुक्त विभक्ति तथा उससे सम्बन्धित नियम का उल्लेख कीजिए— 1+1=2

(i) राधा <u>नगरं</u> प्रति गच्छति।
(ii) <u>गुरूणा</u> सह रामः गच्छति।
(iii) <u>श्री गणेशाय</u> नमः।

14. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए— 2+2=4

1. हमें नित्य पढ़ना चाहिए।
2. वे सब कहाँ रहते हैं?
3. मैं कल बाजार जाऊँगा।
4. वे दोनों क्या करते हैं?

●●